सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 29.06.2024

लूट की झूठी सूचना देने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 4,96,000/- रूपये किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **एसओजी/सर्विलान्स टीम** एवं **थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस** द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 28.06.2024 को थाना फ्रेण्डस कालोनी पर डायल-112 के माध्यम से वादी अजय भदोरिया पुत्र रवि भदोरिया निवासी रीतौरा थाना इकदिल जनपद इटावा के द्वारा सूचना दी गयी कि वादी के साथ महेवा रेलवे क्रॉसिंग पुल के ऊपर 02 व्यक्ति अज्ञात अपाचे मोटरसाइकिल सवार द्वारा बैग छीन लिया गया है। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना फ्रेण्डस कालोनी द्वारा मय फोर्स के मौके पर जाकर वादी से जानकारी की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि वह e cart से कैश ले जाने का काम करता है तथा आज जब वह अपनी कंपनी से निकलकर ओवरब्रिज पर पहुंचा तो अचानक पीछे से आ रही मोटर साइकिल द्वारा उसका बैग छीन लिया गया। **जांचोपरान्त यह संज्ञान में आया कि वादी अजय भदोरिया e cart कंपनी से 496000 लेकर बैंक जमा करने जा रहा था एवं उसने बैंक में न जाकर अपने भाई अनुज भदोरिया को पूरा रुपया दे दिया तथा पुलिस को झूठी लूट की सूचना दे दी। जिसके आधार पर थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 150/2024 धारा 406 भादवि पंजीकृत किया गया**

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो तो उसने बताया कि यह सब मैंने इसलिए किया कि मैं जुए में रुपया हार गया था तथा अपनी गर्लफ्रेंड को रुपया देने के लिए मुझे पैसों की जरूरत थी इसलिए मेरे द्वारा यह कार्य किया गया है अभियुक्त की निशादेही के आधार पर उसके खेत से मिट्टी में गड़ा हुआ बैग बरामद किया गया जिसमें से 4,96,000/- रूपये बरामद किये गये।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अजय भदोरिया पुत्र रवि भदोरिया निवासी रीतौरा थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र 24 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 150/2024 धारा 406 भादवि थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 4,96,000/- रूपये नकद।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी मय टीम।